>

Title: Need to take immediate steps to prevent death due to starvation in Fatehpur Parliament ary Constituency of Uttar Pradesh and include the eligible people in the list of B. P. L. category.

श्री राकेश सचान (फतेहपुर): सभापति जी, मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे अत्यन्त लोक महत्व के गम्भीर विषय को सदन में उठाने की अनुमति प्रदान की। मैं सदन को अवगत कराना चाहता हूं कि मेरे निर्वाचन क्षेत्र, जनपद फतेहपुर में एक दलित परिवार का मुखिया, राम बरन पासी, जो ग्राम अल्लीपुर भादर, ब्लॉक एरायां का रहने वाला था। उसकी तीन तारीख को भूख से मौत हो गई। जब वहां के लोगों को पता चला, वे गए, तो देखा कि वह मृत पड़ा था और एक किलो आटा भी उसके घर में नहीं था। सरकार की कोई भी राहत उसे नहीं मिली। न ए.पी.एल. कार्ड, न बी.पी.एल. कार्ड, न इंदिरा आवास योजना में और यहां तक कि नरेगा में उसका जॉब कार्ड बना था, लेकिन उसे एक दिन का भी काम नहीं मिला। बाद में जनपद के अधिकारियों और सारे लोगों ने यह अवगत कराया कि उसका जॉब कार्ड तो बना था, लेकिन एक भी दिन का कार्य उसे नहीं मिला था। इस तरह से भूख से उसकी मौत हो गई। अब उसके परिवार में 10 साल का एक छोटा बच्चा, नाबालिक एक बेटी और पत्नी है। मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि मृतक के परिवार की आर्थिक सहायता करे और कम से कम 5 लाख रुपए मुआवजा दे।

महोदय, हमारे मंत्री जी सदन में उपस्थित हैं। जैन साहब, आप पता करिए। मनरेगा में अपने आप बड़ी पीठ थपथपाते हैं। मेरे जनपद में एक ही नहीं, ऐसी कइयों मौतें हुयी हैं। गरीबी रेखा के नीचे की कोई भी योजना का लाभ उनको नहीं मिल रहा है। अभी तक गरीबों की पहचान किए जाने की सरकार कोई व्यवस्था नहीं कर रही है और न ही उन योजनाओं का उनको कोई लाभ मिल रहा है। मैं मांग करता हूं कि इसको गंभीरता से लें और प्रदेश सरकार को भी इस पर निर्देशित करें कि वह भी सहायता दे और केंद्र सरकार भी सहायता दे।